# भारत IIAS की अध्यक्षता हेतु निर्वाचित

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

**भारत को वर्ष 2025-2028 की** अवधि के लिये **अंतर्राष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS)** का **अध्यक्ष** चुना गया है।

- संगठन के **इतिहास में** यह **पहली बार था कि चुनाव मतपत्र** के माध्यम से हुए, जिसमें भारत ने **61.7% मत प्राप्त करके शीर्ष स्थान हासिल किया।**
- **IIAS: इसकी स्थापना वर्ष 1930** में हुई थी और **इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स में स्थित है।** यह **वैज्ञानिक उद्देश्यों** वाला एक **अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है।**
    - IIAS **31 सदस्य देशों, 20 राष्ट्रीय अनुभागों और 15 शैक्षिक अनुसंधान केंद्रों** का एक **वैश्विक महासंघ है**, जो समकालीन **नीति चुनौतियों के लिये सार्वजनिक प्रशासन समाधान विकसित करने में सहयोग करता है।**
    - इसके उल्लेखनीय सदस्य देश **भारत, जापान, चीन, जर्मनी, इटली, कोरिया, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्ज़रलैंड, मैक्सिको** आदि हैं।
    - **IIAS संयुक्त राष्ट्र** के साथ मिलकर कार्य करता है तथा लोक प्रशासन पर [संयुक्त राष्ट्र](#) विशेषज्ञ समिति (UN CEPA) और संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क (UNPAN) में योगदान देता है, हालाँकि यह **औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध नहीं है।**
- **भारत वर्ष 1998 से IIAS का सदस्य राज्य** रहा है, जिसका प्रतिनिधित्व **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) करता है।**

**और पढ़ें:** [प्रमुख प्रशासनिक सुधार](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-elected-to-iias-presidency